Fortnightly per copy Rs. 4/- only

ओ३म्

03rd December 2017

आर्य जीवन

आर्य जीवन

संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

हिन्दी-तेलुगु द्विभाषी पक्ष पत्रिका

Date of Publication 2nd & 17th of every Month, Date of posting 3rd and 18th of every month

सार्वभौमिक मान्यता के रूप में वेद सम्मेलन सफल हो

स्वामि अग्निवेश जी के नेतृत्व में दिल्ली के इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में दिसम्बर के १५-१७ तक विश्व वेद सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार इस सम्मेलन में भारत व विश्व के अन्य देशों से ख्याति प्राप्त महानुभाव भाग ले रहे हैं। यह अच्छी बात है कि विश्व स्तर पर वेद की सार्वभौमिकता को स्थापित किया जाए। वेद की सार्वभौमिकता को स्थापित करते समय यह अनिवार्य हो जाता है कि वेद एक वर्ग के लिए ही या एक देश के लिए ही या एक देश से सम्बधित किसी तथाकथित धर्म के लिए ही सीमित नहीं है। वेद सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वजनीन है तो बात को भी ग्लोबल तरीके से ही सिद्ध करनी होगी। आर्य समाज से सम्बन्धित सभी, वेद के विद्वानों को या वेद की मौलिक बातों को जानने वाले सभी महानुभावों को पता है कि स्वामी दयानन्द ने वेद को किसी की बपौति के रूप में, सीमित दायरे में नहीं बांधा हैं और न ही भजन-कीर्तन के दायरे में सीमित किया है। अतः जो भी वहां पर उपस्थित होंगे, उन्हें चाहिए कि वेद को मात्र हिन्दुओं के दायरे में न बांधे। यह ठीक है कि अधिकतर हिन्दु ही वेद को मानते है पर वह हिन्दुओं के लिए ही नहीं है। वेद का ज्ञान और उपयोग समस्त मानव समूह के लिए है और मानव के माध्यम से समस्त प्राणि कोटी के लिए उपयोग में आने के लिए है। वेद मात्र आत्मा से परमात्मा से सम्बन्धित ज्ञान को प्राप्त कर उसका साक्षात्कार करने तक ही सीमित नहीं बल्कि प्रकृति, प्रकृतिजनित समस्त पदार्थों से सम्बन्धित ज्ञान-विज्ञान की जानकारी प्राप्त कर उसका उपयोग मानव तथा प्राणि कोटी के हित के लिए किया जाए। इस सन्दर्भ में वेद को हिन्दूओं के तथाकथित धर्म ग्रन्थ की आवधारणा को तथा पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन की अवधारणा को भी तोड़ना है। अगर हैसा कर सकें तो ही विश्व के सन्दर्भ में वैश्विक स्तर पर परमात्मा के ज्ञान के रूप में सर्वमानव के हित के लिए तथा समस्त प्राणि-कोटी के हित के लिए वेद को स्थापित किया जा सकता है। वेद को मात्र एकाडेमिक विषय के रूप में ही प्रतिपादित करने के बजाय दुनिया जिन समस्याओं से जूझ रही है उन सभी समस्याओं के हल के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था और विचार देने का प्रयास करना चाहिए।

भारत सरकार ही नहीं विश्व की सभी सरकारें आज जिस विकास के मॉडल को लेकर चल रहीं है वह मानव तथा पाणी-कोटी के जीवन को संकट में डाल दिया है। इसीलिए आज जल संकट है, पर्यावरण संकट है, नैतिकता और स्वास्थ्य संकट है। गरीबी तथा ऊँच-नीच का संकट है। खासकर ग्लोबल वार्मिंग का संकट है। वायु प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या बनने जा रही है और पर्यावरण में बदलाव के कारण पीने के पानी से लेकर जल, जमीन, जंगल का संकट पैदा कर रही है। ऐसी स्थिति में आज के विकास के मॉडल का वैकल्पिक स्वरूप क्या हो, इसे वेद आधारित मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने की जरूरत है। अन्यथा अन्य सम्प्रदायों की तरह वेद भी एक सम्प्रदाय सूचक बनकर रह जाएगा और जो लोग वेद को सत्य ज्ञान का मूल मानते है या ज्ञान

हवन में होने वाली दहन क्रिया

वैज्ञानिक विश्लेषण

-डॉ. रामप्रकाश

कुछ लोगों का विचार है कि उत्तम पदार्थों को खाने की अपेक्षा अग्नि में जलाकर नष्ट कर देना उचित नहीं। महर्षि दयानन्द ने इस शंका का समाधान करते हुए लिखा है, "जो तुम पदार्थविद्या जानते तो कभी ऐसी बात न कहते, क्योंकि किसी द्रव्य का अभाव नहीं होता।"[1] यह उत्तर स्पष्टतया वैज्ञानिक है। जैसे अभाव से भाव की उत्पत्ति सम्भव नहीं वैसे ही भाव को भी अभाव में परिवर्तित नहीं किया जा सकता। "शास्त्र में लिखा है कि **'नासत आत्मलाभः, न सत आत्महानम्'**, अर्थात् जो नहीं है वह कभी हो नहीं सकता और जो है वही आगे होता है। ....अस्ति से अस्ति होती है। नास्ति से किसी प्रकार नहीं हो सकती।"[2] ऋषि दयानन्द मानते हैं कि प्रकृति अनादि (जिसका अन्त न हो, अर्थात् जिसे नष्ट न किया जा सके) है। इसका समर्थन आधुनिक विज्ञान ने द्रव्य अविनाश नियम (Law of Conservation of Mass) के द्वारा किया है। इस नियम के अनुसार "किसी भी रासायनिक प्रतिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थों के भार का योग अपरिवर्तित रहता है।"[3]

अग्नि में आहुति देने से हानि तो कोई नहीं, लाभ अवश्य है। जब अग्नि में कोई वस्तु डाली जाती है तो अग्नि उसके स्थूलरूप को तोड़कर सूक्ष्म बना देती है। **(यह वाक्य विचारणीय है)** यजुर्वेद (१/८) में अग्नि को **धूरसि** कहकर इसी सत्य को प्रतिपादित किया गया है। **धूरसि** का अर्थ करते हुए महर्षि दयानन्द ने लिखा है, "भौतिक अग्नि सब पदार्थों का छेदन और अन्धकार का नाश करने वाला है।"[4] "भौतिक अग्नि इसलिए है कि वह उन होम-द्रव्यों को परमाणुरूप करके **(परमाणुरूप शब्द विचारणीय है)** वायु और जल के साथ मिलकर शुद्ध कर दे।" यह है भी दैनिक अनुभव की बात। एक मन दाल में एक ग्राम हींग का कुछ प्रभाव नहीं होता; परन्तु वही हींग भूनाकर छौंक लगाने से सारी दाल को सुगन्धित कर देता है। मिर्च खाने से केवल खाने वाले व्यक्ति पर ही उसका प्रभाव पड़ता है, किन्तु इसे भली प्रकार पीसकर उड़ा देने से आस-पास बैठे व्यक्ति खाँसने लगते हैं। उसी मिर्च को जलाने से बहुत लोगों पर उसकी तीक्ष्ण गन्ध का प्रभाव होता है, **(यह वाक्य विचारणीय है)** अतः अग्नि में डाल देने से पदार्थ हल्का होकर शीघ्र सारी वायु में फैल जाता है। **(यह वाक्य विचारणीय है)** उसकी भेदक शक्ति बढ़ जाती है। यह तथ्य ग्राहम् के गैसीय व्यापनशीलता के नियम (Grahm's Law of Diffusion of Gases : at constant temperature and pressure the rate of diffusion of various gases vary inversely as the square root of their densities or molecular weights) का आधार है। इस नियम के अनुसार "निश्चित ताप और दबाव पर गैसों की व्यापन गतियाँ उनके घनत्वों के वर्गमूल की विपरीत अनुपाती होती हैं।"[5] अतः जो गैस जितनी हल्की होगी, वह उतनी ही शीघ्र वायु में मिल सकेगी। ऐसा ही यजुर्वेद (६/१६) में कहा है-

स्वाहाकृतेऊर्ध्वनभसं मारुतं गच्छतम्।

"यज्ञ में स्वाहापूर्वक आहुति देने से वायु ऊपर आकाश में जावे।"

प्राचीन भारतीयों को अर्द्ध-शिक्षित मानने वालों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि आधुनिक पाश्चात्य विज्ञान तथा अंग्रेजी पढ़े बिना भी ऋषि दयानन्द ने लिखा है, "अग्नि में डाला हुआ पदार्थ सूक्ष्म होके, फैल के वायु के साथ दूर देश में जाकर दुर्गन्ध की निवृत्ति करता है।" ऋषि आगे लिखते हैं, "सुगन्ध (केसर, कस्तूरी, पुष्प, इत्र आदि की सुगन्ध) का वह सामर्थ्य नहीं कि गृहस्थ वायु को बाहर निकालकर शुद्ध वायु का प्रवेश करा सके; क्योंकि उसमें भेदक शक्ति नहीं है; और अग्नि ही का सामर्थ्य है कि उस वायु और दुर्गन्धयुक्त पदार्थों को छिन्न-भिन्न और हल्का करके बाहर निकालकर पवित्र वायु का प्रवेश करा देती है।"[1] "अतर और पुष्प आदि का सुगन्ध तो उसी दुर्गन्ध वायु में मिलकर रहता है, उसमें छेदन करके बाहर नहीं निकाल सकता, और न वह ऊपर चढ़ सकता है, क्योंकि उसमें हल्कापन नहीं होता। उसके उसी अवकाश में रहने से बाहर का शुद्ध वायु उस ठिकाने में जा भी नहीं सकता, क्योंकि खाली जगह के बिना दूसरे का प्रवेश नहीं हो सकता।"[6] (displacement) अतः स्पष्ट है कि यदि ऋषियों ने वायुशुद्धि के लिए अग्निहोत्र को अपनाया है तो किसी अन्धविश्वास के कारण नहीं, अपितु वैज्ञानिक आधार पर।

अग्निहोत्र में किन-किन रासायनिक परिवर्तनों के द्वारा क्या-क्या पदार्थ उत्पन्न होते हैं- इसका निश्चय करना कठिन है, क्योंकि-

(क) यज्ञकुण्ड में सर्वदा तापांश समान नहीं रहता। तापांश भिन्नता के कारण एक ही हव्य-द्रव्य भिन्न-भिन्न पदार्थ बना सकता है।

(ख) यह भी सम्भव है कि रासायनिक क्रिया पूर्ण होने से पूर्व ही जो पदार्थ बने हैं वे आपस में मिलकर कोई अन्य पदार्थ बना लें या उड़कर वायु में मिल जाएँ।

(ग) यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक ऑक्सीकरण सदा पूर्ण हो ही जाए, क्योंकि वायु की मात्रा न्यूनाधिक होती रहती है।

फिर भी यज्ञ के द्वारा उत्पन्न होने वाले पदार्थों का अनुमान तो लगाया ही जा सकता है। हाँ, यह निश्चय करना कठिन है कि कितनी सामग्री डालने से कौनसा पदार्थ कितनी मात्रा में उत्पन्न होगा।

अब हवा में डाले जाने वाले पदार्थों के जलने पर उत्पन्न होने वाली गैसों पर विचार आरम्भ करते हैं-

कपूर कपूर आसानी से जलता है, अतः यज्ञाग्नि कपूर जलाकर प्रज्वलित की जाती है। यह जलते समय धुआँ उत्पन्न करता है। इसका कुछ भाग बिना किसी रासायनिक परिवर्तन के उड़ जाता है (sublimate) जो वायु में मिलकर उत्तम सुगन्धि उत्पन्न करता है। वस्तुतः यह दुर्गन्ध को नष्ट नहीं कर पाता, अपितु उसे अपनी सुगन्ध से मात्र छिपा लेता है। कपूर के शेष भाग का एक तैल बन जाता है जिसमें पाइनीन, डाइपैण्टीन, सीनिओल, युजिनॉल, सैफ्रोल और टर्पिनिऑल आदि होते हैं।

लकड़ी अग्नि होत्र में जो द्रव्य डाले जाते हैं उनका लगभग ७५ प्रतिशत भाग लकड़ी होती है। इसका मुख्य प्रयोजन अग्नि प्रज्वलित

रखना है, अतः **आवश्यकता से अधिक समिधाएँ डालने का विशेष लाभ नहीं है ।** इसके जलने से लगभग ५००° सेल्सियस तापांश हो जाता है ।

लकड़ी के मुख्य भाग सेलुलोस तथा लिग्नोसेलुलोस में लगभग ४७.६२ प्रतिशत हाइड्रोजन, २८.५७ प्रतिशत कार्बन तथा २३.८१ प्रतिशत ऑक्सीजन होती है । लकड़ी के जलने का अभिप्राय सेलुलोस तथा लिग्नोसेलुलोस का ऑक्सीकृत हो जाना है । फिर धीरे-धीरे जो हाइड्रोकार्बन बनती है, वे ४००-६००° सेल्सियस के बीच जल जाती हैं । सेलुलोस तथा लिग्नोसेलुलोस ऑक्सीजन के साथ मिलकर कार्बन डाइऑक्साइड तथा पानी बनाते हैं (द्रष्टव्य समीकरण १)* । पानी भाप बनकर उड़ जाता है तथा कार्बन डाइऑक्साइड वायु में मिल जाती है ।

यदि वायु का प्रवेश कम हो तो कुछ कार्बन मोनोऑक्साइड गैस (समीकरण २) तथा कार्बन की धूल (समीकरण ३) भी बन सकती है, परन्तु यज्ञवेदी खुला स्थान होने से वायु भली प्रकार आती रहती है; अतः कार्बन मोनोऑक्साइड बननी भी नहीं चाहिए, क्योंकि यह विषैली गैस है । हाँ, कार्बनधूलि हानिकारक नहीं है; अपितु यह वर्षा में सहायक है ।

यज्ञकुण्ड की बनावट, समिधाओं की लम्बाई तथा उनके रखने की विधि, तापांश और वायु-मात्रा निर्धारित कर देती है कि हवन के समय लकड़ी की आसवन-क्रिया (distillation) हो जाने की पूरी सम्भावना है आसवन-क्रिया के कारण अनेक पदार्थ पैदा होते हैं । फिर ये पदार्थ आपस में मिलकर कई अन्य पदार्थ बना लेते हैं । इस प्रकार समस्त क्रिया पेचीदा बन जाती है और उत्पन्न गैसों का सही अनुमान लगाना कठिन हो जाता है । यज्ञ में तो यह कार्य और भी कठिन है, क्योंकि वायु और गर्मी की मात्रा न्यूनाधिक होती रहने से परिस्थितियाँ भी निश्चित नहीं रह पातीं ।

हाले और पामर[5] का विचार है कि आसवन-क्रिया के आरम्भ होते ही लकड़ी सूखना प्रारम्भ कर देती है । इस समय अधिक मात्रा में पानी तथा थोड़ा-सा ऐसीटिक ऐसिड और मैथेनॉल भी बनता है । उसके पश्चात् कई गैसें उत्पन्न होती रहती हैं ।

पाश्चात्य वैज्ञानिक बुर्ग[6] ने लकड़ी की आसवन-क्रिया के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है । वह इस प्रकार पैदा होने वाली गैसों में एक सौ से भी अधिक पदार्थों की पहचान करने में सफल रहे हैं । उनके अनुसार इस क्रिया के कारण कई हाईड्रोकार्बन (मेथैन, वैञ्जीन आदि), ऐल्डिहाइड (**फार्मेल्डीहाइड,** ऐसीटऐल्डिहाइड, फरफ्युरल, प्रोपिओन ऐल्डिहाइड आदि), कीटोन (ऐसीटोन, मिथैल इथैल कीटोन आदि), अम्ल (फार्मिक अम्ल, ऐसीटिक अम्ल, प्रोपिऑनिक अम्ल एवं नार्मल कैप्रोइक अम्ल आदि), एल्कोहॉल (मिथैल एल्कोहॉल, इथैल एल्कोहॉल आदि), फीनोल, कार्बनडाइऑक्साइड तथा पानी उत्पन्न होते हैं ।

कौन-सा पदार्थ कितनी मात्रा में उत्पन्न होता है, यह लकड़ी की बनावट, तापांश, दूसरे पदार्थों की विद्यमानता आदि पर निर्भर करता है । उत्पन्न द्रव्यों में एल्कोहॉल तथा कार्बनिक अम्ल भी हैं, अतः वे परस्पर मिलकर यस्टर बना लेंगे ।

यह अनुमान लगाना कठिन है कि पूर्व उल्लिखित पदार्थ किन-किन रासायनिक परिवर्तनों के कारण बनते हैं, परन्तु **क्लेसन** के विचारानुसार आसवन-क्रिया के समय जो ऐसीटिक ऐसिड बनता है, वही टूटकर ऐसीटोन बना देता है तथा अन्य कीटोनज़ भी इसी प्रकार अपनी संगत के अम्लों से ही उत्पन्न होती हैं (समीकरण ४) । यहाँ हाइड्रोजन भी बनती है, किन्तु आसवन-क्रिया से उत्पन्न होने वाले पदार्थों में क्लोसन व उनके सहयोगी हाइड्रोजन गैस प्राप्त नहीं कर सके थे; यद्यपि कुछ अन्य वैज्ञानिकों ने इस गैस को भी विद्यमान पाया है ।

यहाँ जो हाइड्रोकार्बन उत्पन्न हुई हैं, उनमें भी कई परिवर्तन होते रहते है । उदाहरणार्थ मिथेन पदार्थ से ऐसिटिलीन तथा हाइड्रोजन आदि बन सकते हैं (समीकरण ५) । यह हाइड्रोजन अन्य पदार्थों के साथ मिलकर नए पदार्थ बना सकती है तथा वायु में मिल सकती है ।

रालयुक्त लकड़ी के जलने तथा आसवित हो जाने पर मुख्यतः फार्मेल्डीहाइड की उत्पत्ति होती है, किन्तु कुछ मात्रा में टर्पिनिऑल, टर्पिन, सीनिओल तथा अन्य उड़नशील पदार्थ भी बनते हैं ।[10]

लकड़ी के जलने पर बची राख की मात्रा कम-से-कम ०.२ प्रतिशत तथा अधिकाधिक ४ प्रतिशत होती है । **साधारणतया राख १ प्रतिशत से कम ही बनती है । इसमें मुख्यतः कैल्सियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम तथा थोड़ी मात्रा में ऐलुमिनियम, लोहा, मैंगनीज, सोडियम, फॉस्फोरस तथा गन्धक आदि होती हैं । पोटैशियम ऑक्साइड की विद्यमानता के कारण खाद के रूप में भी राख का प्रयोग किया जा सकता है । किसी समय राख को पौटेश-प्राप्ति का मुख्य साधन समझा जाता था ।**

घृत कपूर द्वारा अग्नि प्रदीप्त कर समिधाओं पर घृत की आहुतियाँ देनी प्रारम्भ की जाती हैं । घी अग्नि को प्रज्वलित रखता है, परन्तु यदि इसका मात्र यही एक प्रयोजन होता तो किसी भी तेल या घी का प्रयोग किया जा सकता था; किन्तु शास्त्रों में गोघृत का विधान किया गया है । ऐसा क्यों ? इसका कारण है कि शुद्ध गोघृत जलने पर कोई हानिकारक पदार्थ उत्पन्न नहीं करता जबकि वनस्पति घी को जलाने का स्वास्थ्य पर सुखद प्रभाव नहीं पड़ता । इस प्रसङ्ग में डॉक्टर फुन्दनलाल अग्निहोत्री एम.डी. ने कुछ कार्य किया है । उन्होंने टी.वी. सेनेटोरियम जबलपुर में टी.वी. के रोगियों की यज्ञ के द्वारा चिकित्सा करने का प्रयास किया । उनके अनुभवानुसार गाय के घी से यज्ञ करने पर रोगी शीघ्र आरोग्य हुए । भैंस के घी से बहुत देर में लाभ हुआ, परन्तु वनस्पति घी के प्रयोग से रोग बढ़ना प्रारम्भ हो गया,[11] अतः वैदिक शास्त्रों में यज्ञ के लिए गोघृत प्रयोग करने का विधान है ।

घी ग्लिसरॉल तथा कार्बोक्सिलिक अम्लों के मेल से बना है । घी में पाये जाने वाले अम्लों में पामिटिक अम्ल, ओलीक अम्ल, मिरिस्टिक अमल, स्टिऐरिक अम्ल तथा लिनोलीइक अम्ल मुख्य हैं । वैसे इसमें थोड़ी मात्रा में ब्यूटिरिक अम्ल, लौरिक अम्ल, कैप्रिलिक अम्ल तथा कैप्रोइक अम्ल आदि भी होते हैं । अतः घृत के जलने से वही पदार्थ उत्पन्न होते हैं, जो ग्लिसरॉल तथा उपर्युल्लिखित अम्लों की दहन क्रिया पर बनते हैं । इसलिए इन पदार्थों के ऑक्सीकरण आदि पर विचार करना उचित है-

ग्लिसरॉल :- ग्लिसरॉल का जलना कुछ जलहरण तथा कुछ ऑक्सीकरण है । यह मान लेने से फार्मेल्डीहाइड की उत्पत्ति सम्भव हो जाती है; क्योंकि ग्लिसरॉल के अणुओं में से पानी निकलने पर ऐक्रोलीन बन जाती है जो ऑक्सीकृत हो जाने पर फॉर्मेल्डीहाइड बना देती है (समीकरण ६ तथा ७) ।

ग्लिसरॉल के ऑक्सकरण पर कई पदार्थ बनते हैं । डॉक्टर

फीनार[13] ग्लिसरॉल के ऑक्सीकरण पर ग्लिसर ऐल्डिहाइड, ग्लिसरिक, अम्ल, टार्टरोनिक अम्ल तथा मीसोऑक्सैलिक अम्ल की उत्पत्ति मानते हैं (समीकरण८) । इनके अतिरिक्त ग्लाइकोल ऐल्डिहाइड, ग्लाइऑक्सल तथा ऑक्सैलिक अम्ल भी बन सकते हैं (समीकरण ९) ।

इस प्रकार कई पदार्थों के बनने की सम्भावना है । वास्तविक परिवर्तन तो वायु की मात्रा तथा **तापांश** आदि पर नर्भर करते हैं ।

अम्ल :- घृत में सन्तृप्त तथा असन्तृप्त दोनों प्रकार के अम्ल होते हैं । ऑक्सीकरण के समय सन्तृप्त वसीय अम्लों के परमाणु टूटकर कुछ ऐल्डिहाइड बना देते हैं । फिर ये ऐल्डिहाइड ऑक्सीजन के साथ मिलकर अम्ल में परिवर्तित हो जाते हैं । इन अम्लों से हाइड्रोकार्बनों की उत्पत्ति होती है । उदाहरणार्थ-घी में ३०-४० प्रतिशत ओलिक अम्ल होता है । इसके ऑक्सीकरण पर नार्मल नॉनिलिक ऐल्हिाइड बन जाता है (समकरण १०) । नार्मल नॉनिलिक ऐल्डिहाइड से नानेनोइक अम्ल एवं ओक्टेन (समीकरण ११) और ओलिक अम्ल से उत्पन्न दूसरे पदार्थ से नार्मल ऑक्टिलिक ऐल्डिाइड, आक्टेनोइन अम्ल एवं हेप्टेन (समीकरण १२) बनती हैं, परन्तु ये तो केवल एक सम्भावना है। इसके अतिरिक्त और भी कई प्रकार के पदार्थ उत्पन्न होते हैं । इसी प्रकार लिनोलीइक अम्ल से कैप्रोनिक ऐल्डिाहाइड तथा वैलेरिक ऐल्डिहाइड बनते हैं ।

घृत में विद्यमान सन्तृप्त वसीय अम्ल भाप के साथ मिल साधारण छोटे अम्ल उत्पन्न करता है । फिर यह अम्ल हाइड्रोकार्बन बना सकते हैं । उदाहरणार्थ ब्यूटिरिक अम्ल सर्वप्रथम मिथेन और β-हाइड्रोक्सीप्रोपिऑनिक अम्ल बनाएगा (समीकरण १३ तथा १४) । इसी प्रकार अनेक पदार्थों की उत्पत्ति सम्भव है (समीकरण १५) । यदि अम्लों की दहन-क्रिया पूर्ण हो जाए तो कार्बन डाइऑक्साइड तथा पानी बन जाएगा ।

यह आवश्यक नहीं कि यज्ञ के समय उपर्युल्लिखित सभी क्रियाएँ पूर्ण हों, क्योंकि कई बार पदार्थ ऑक्सीकरण से पूर्व ही वायु में मिल जाता है । उदाहरणार्थ अकेले घी को अग्नि में जलाइए । सुगन्धि उत्पन्न होगी, अतः स्पष्ट है कि यहाँ ऑक्सीकरण पूर्ण नहीं हुआ अन्यथा गन्धरहित कार्बन डाइऑक्साइड गैस बन जाती । यज्ञ के समय पूर्व-उल्लिखित सभी या उनमें से कुछ पदार्थ बनते हैं ।

घी के जलने से जो सुगन्ध उत्पन्न होती है, उसका कारण कैप्रोनिक ऐल्डिहाइड, नार्मल ओक्टीलिक ऐल्डिहाइड, नार्मल नॉनलिक ऐल्डिहाइड, वैलेरिक ऐल्डिहाइड तथा कई अन्य उड़नशील ऐल्डिहाइड व वाष्पशील वसीय अमल होते हैं । ये सभी वायु में मिल जाते हैं, जिससे सर्वत्र सुगन्धि फैल जाती है ।

घी के जो कण विना जले ही वायु में उड़ जाते हैं, वे अतिसूक्ष्म होते हैं, ये अग्निहोत्र से उत्पन्न गैसों को स्वयं में लीन करके वायुमण्डल को अधिक समय तक पवित्र रखते हैं । घृत के ये कण वर्षा के लिए धूलिकणों का कार्य भी करते हैं । घी की आहुति देने से जो पदार्थ उत्पन्न होते हैं उनमें हाइड्रोकार्बनों की मात्रा पर्याप्त है । ये हाइड्रोकार्बन यज्ञकुण्ड के तापांश (४५०-५५०° सेल्सियस) पर ऑक्सीजन से मिलकर कुछ अन्य पदार्थ बना लेते हैं । उदाहरणार्थ-व्हीलर तथा ब्लेयर[13] के अनुसार मिथेन ऑक्सीकरण पर मेथिल एल्कोहॉल तथा **फार्मेल्डीहाइड** आदि बना देती है (समीकरण १६) । क्योंकि ये सभी पदार्थ वायु में मिलते रहते हैं, इसलिए फार्मेल्डीहाइड के ऑक्सीकृत हो जाने की बहुत कम सम्भावना है ।

इसी प्रकार एथेन, फार्मेल्डीहाइड, ऐसीट ऐल्डिहाइड, मिथैल एल्कोहॉल, इथैल एल्कोहॉल, फार्मिक ऐसिड आदि अनेक पदार्थ बना देती है ।[14,15]

हव्य सामग्री :- जब अग्नि अच्छी प्रकार प्रज्वलित हो जाए तो सामग्री की आहुतियाँ दी जाती हैं । **सामग्री के द्रव्यों के जलने पर बनने वाले पदार्थों के विषय में अभी अनुसन्धान की आवश्यकता है ।**

कपूरकचरी, नागरमोथा, जटामांसी, सफेद चन्दन का चूरा तथा अगर आदि लकड़ी की भांति स्वयं जलकर शेष क्रियाओं के पूर्ण होने के लिए गर्मी भी उत्पन्न करते हैं ।

तिल ग्लिसरॉल तथा इलेइडिक अम्ल व स्टिऐरिक अम्ल के मेल से बना है । इसी प्रकार के कुछ वसीय अम्ल चिरौंजी, नारियल, लौंग, जौ, गेहूँ तथा चावल आदि में भी विद्यमान हैं, अतः इनके जलने से जहाँ अन्य पदार्थ उत्पन्न होते हैं; वहाँ पूर्व चर्चित वैसे पदार्थ भी बनते हैं, जिनकी उत्पत्ति ग्लिसरॉल तथा वसीय अम्ल के ऑक्सीकरण से सम्भव है ।

यज्ञ-सामग्री की वस्तुओं में कार्बोहाइड्रेट भी विद्यमान है । शर्करा तथा स्टार्च इसी कार्बोहाइड्रेट के दो प्रकार हैं । चावल, गेहूँ, जौ, उड़द, कपूरकचरी तगर आदि में स्टार्च होता है । ऋषि दयानन्द ने यज्ञ में स्टार्च वाले द्रव्यों के भी डालने का विधान किया है । शर्करा वाले द्रव्यों में खाँड मुख्य है । यह यज्ञ-सामग्री में पर्याप्त मात्र में डाली जाती है । इसके अतिरिक्त शहद, दुग्ध, तगर, गेहूँ, लौंग, दाख, छुहारे, नरकूचर आदि में भी पर्याप्त मात्रा में शर्करा होती है । इनके जलने से स्वास्थ्य के लिए हितकर गैसें उत्पन्न होती हैं । फ्रांस के विज्ञान के एक भूतपूर्व अध्यापक **टिलवर्ट** का विचार है कि खाँड के तेजी से जलने पर (अग्निहोत्र में ऐसा ही होता है) **फार्मेल्डीहाइड** की उत्पत्ति होती है । **यह गैस किटाणुओं का नाश करके वायु को मनुष्योपयोगी बना देती है ।**

खाँड को वैज्ञानिक भाषा में सुक्रोस कहते हैं । २१०° सेल्सियस पर गर्म करने से इसका पानी उड़ जाता है और कार्मल नामक एक पदार्थ बन जाता है । अधिक गर्म करने पर कार्बन डाइआक्सॉइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, मेथैन, एथिलीन, ऐसीटिलीन, ऐसीटोन, फार्मिक अम्ल, एथानॉल, ऐक्रोलीन आदि उत्पन्न होते हैं । खाँड के ऑक्सीकरण पर ऑक्सैलिक अम्ल तथा सैकेरिक अम्ल बनते हैं ।

मीठे फलों और शहद में ग्लूकोस तथा फ्रक्टोज आदि होते हैं । फलों में इनकी उत्पत्ति सम्भवतः खाँड के जलीय विच्छेदन से होती है। इनके ऑक्सीकरण पर भिन्न-भिन्न पदार्थ बनते हैं । उदाहरणार्थ-ग्लूकोस के ऑक्सीकरण पर ग्लूकोनिक अम्ल, सैकेरिक अम्ल और टार्टरोनिक अम्ल वनते हैं (समीकरण १७) । इसी प्रकार अन्य पदार्थ भी ऑक्सीकृत होते रहते हैं । सभी प्रकार के दूध में लैक्टोस होता है । गौदुग्ध में इसकी मात्रा ४-६ प्रतिशत है । इसके ऑक्सीकरण पर सैकेरिक अम्ल भी वनता है ।

यज्ञ के द्वारा वायु सुगन्धित हो जाती है, क्योंकि अग्निहोत्र में कस्तूरी केसर, अगर, श्वेत चन्दन, जायफल जावित्री, लौंग कुलञ्जन, बालछड़, इलायची और कपूर आदि भी डाले जाते हैं । ये द्रव्य कुछ वाष्पशील सौरभिक पदार्थ उत्पन्न करते हैं । वस्तुतः पाइनीन, बोर्निओल, सिट्रल, सीनिऑल, टर्पिनिऑल, सैफ्रोल, थाइमोल, कार्वा-क्रॉल, सिनेमिक अम्ल, सैलिसिलिक अम्ल तथा अगर, देवदार, तिल, लौंग और सन्दल के तेल आदि की उत्पत्ति सम्भव दीख पड़ती है ।

कुलञ्जन के आसवन पर जो तेल बनता है उसमें ४८ प्रतिशत मेथिल सिनेमेट, २०-३० प्रतिशत सीनिऑल, कपूर तथा सम्भवतया पाइनीन भी होते हैं ।

दालचीनी से जो तेल निकलता है उसमें मुख्यतः सिनेमिक ऐल्डिहाइड तथा कुछ युजिनॉल, लिनेलूल तथा पाइनीन आदि मिलते हैं । तेजपत्र आसवन पर सिनेमिक ऐल्डिहाइड, वेञ्जिल-ऐल्डिहाइड, सैफ्रोल तथा युजिनॉल बनाता है ।

लौंग, भाप के द्वारा होने वाली आसवन-क्रिया पर एक तेल देती है, जिसमें ३४-९५ प्रतिशत तक फीनोल, सैस्क्वीटर्पीन तथा थोड़ी मात्रा में कीटोन, एल्कोहॉल और एस्टर होते हैं। लौंग के तेल में फरफ्यूरल तथा वैनीलिन भी होती है ।

जायफल ३०-४० प्रतिशत वसा तथा ५-२५ प्रतिशत वाष्पशील तेल देता है । पावर तथा साल्वे के विचारानुसार इस तेल में ८० प्रतिशत पाइनीन तथा कैम्फीन, ८ प्रतिशत डाइपैण्टीन, ६ प्रतिशत एल्कोहॉल, ४ प्रतिशत माइरिस्टिसिन, ०.६ प्रतिशत सैफ्रोल तथा ०.२ प्रतिशत युजिनॉल होते हैं ।

आर.एन. चोपड़ा ने लिखा है कि प्रायः चन्दन की लकड़ी को खूब बारीक रगड़कर भाप के साथ गर्म करने पर इसमें से तेल निकलता है जिस में लगभग ९० प्रतिशत सेण्टालोल होता है । यज्ञ में भी चन्दन का चूरा ही प्रयोग किया जाता है । अग्निहोत्र के समय भाप भी काफी बनती रहती है, अतः इस तेल का बनना सम्भव है । **लकड़ी के टुकड़ों के स्थान पर चूरे का प्रयोग किया जाना विज्ञान-संगत है ।** जे.एफ. दस्तूर के अनुसार "चन्दन का यह सुगन्धित तेल अपवित्रता-नाशक, कीड़ों को परे भगाने तथा मारने वाला है ।"

देवदार के तेल में पाइनीन तथा हाइड्रो कार्बन होते हैं । यह तेल कृमिरोधक है । बड़ी इलायची सीनिऑल तथा टर्पिनिऑल और बालछड़ बोर्निओल को उत्पन्न करती है ।

जो पदार्थ इस प्रकार उत्पन्न होते हैं वे २००-४००° सेल्सियस तापांश पर उड़ जाते हैं तथा वायु में मिलकर सुगन्धि पैदा करते हैं। यज्ञ के समय जो धुआँ और भाप बनता है वह इन पदार्थों को बहुत दूर तक फैला देता हैं । इस प्रकार इन पदार्थों को वायु में मिलने में सुविधा हो जाती है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जलाने से किसी वस्तु का नाश नहीं होता, केवल रूप बदल जाता है । **आहुति देने के पश्चात् भी पदार्थों का उपयोगी भाग ज्यों-का-त्यों बना रहता है, वे पदार्थ केवल सूक्ष्म हो जाते हैं ।** इनका सूक्ष्म आकार इन्हें वायु में मिलने एवं फैलने में सुविधा प्रदान करता है । उड़ने वाले तेलों के परमाणुओं का व्यास लगभग १×१०^{-३} से १×१०^{-७} मिलीमीटर होता है । ये परमाणु श्वास के द्वारा रोगी के फेफड़ों में पहुँचकर क्षत को भर देते हैं ।

इन पृष्ठों में कुछ रासायनिक परिवर्तनों की चर्चा की गई है, पर ये परिवर्तन तभी फलदायक हो सकेंगे जब घी और **सामग्री थोड़ी-थोड़ी मात्रा में थोड़ी-थोड़ी देर के पश्चात् प्रज्वलित अग्नि पर डाले जाएंगे । यदि सभी द्रव्यों की आहुति एकदम, बिना किसी विधि के दे दी गई तो अग्नि भी बुझ जाएगी तथा क्रियाएँ पूर्ण न होने के कारण वाञ्छित गैसें उत्पन्न न हो सकेंगी ।** यदि सामग्री देर में डाली जाए तो गर्मी का उचित लाभ न उठाया जा सकेगा, अतः बिना विधि के किया गया अवैज्ञानिक कार्य यज्ञ नहीं कहलाएगा । ऋषि दयानन्द ने पूना में सातवें दिन का व्याख्यान देते हुए ठीक ही कहा था, "योग्य रीति से यथाविधि होम करना चाहिए । **एकदम मनभर घी जला दिया वा चम्मच-चम्मच करके मनभर घृत को वर्षभर जलाते रहे तो भी होम नहीं होगा ।"** महर्षि के इन वचनों के वैज्ञानिक महत्त्व से इन्कार नहीं किया जा सकता ।

इस असुविधा को दूर करने के लिए प्राचीन ऋषियों ने आहुति का परिमाण तथा इसके डालने का समय निश्चित किया है । ऋषिवर दयानन्द[२०] ने भी आहुति के सामान्य परिमाण के विषय में लिखा है, "कम-से-कम छह मासाभर घृत व अन्य मोहनभोगादि जो कुछ सामग्री हो, अधिक-से-अधिक छटाँकभर की आहुति देवें।" यह परिमाण साधारण यज्ञों के लिए है । बड़े यज्ञों में अधिक आहुति देने का विधान है । देव दयानन्द आगे लिखते हैं- "छह-छह मासे घृतादि एक-एक आहुति का परिमाण न्यून-से-न्यून चाहिए और जो इससे अधिक करे तो बहुत अच्छा ।" प्रत्येक आहुति देने से पूर्व उस आहुति के लिए निश्चित किए मन्त्र का उच्चारण करने का विधान है । इससे हवन सामग्री अर्पित करने का समय व्यवस्थित हो जा है तथा क्रिया सुविधापूर्वक चलती रहती है । साथ ही वेद की रक्षा तथा समय का सदुपयोग भी हो जाता है । मन्त्रों से यज्ञ के प्रत्येक अङ्ग का साथ-साथ ज्ञान होता जाता है, क्योंकि उस क्रिया से सम्बन्धित मन्त्र ही तत्-तत् क्रिया के अवसर पर उच्चारित किया जाता है । यही मन्त्रों का विनियोग कहलाता है । सारा कार्य बोझ न बनकर पवित्र, धार्मिक कृत्य बन जाता है । इसी धार्मिक भावना के कारण यज्ञ के समय कितने ही नर-नारी केवल दर्शक के रूप में बैठे रहते हैं । उन्हें भी हवनीय गैसों से युक्त सुगन्धित वायु में सांस लेकर निज स्वास्थ्य की रक्षा करने का अवसर प्राप्त होता रहता है ।

प्रकाश-संश्लेषण

यज्ञ में सूर्य की किरणों का बहुत महत्त्व है । महर्षि दयानन्द ने लिखा है, **"सूर्योदय के पश्चात् और सूर्यास्त के पूर्व अग्निहोत्र करने का समय है ।"** वैसे भी यज्ञवेदी खुला स्थान होता है, जहाँ प्रकाश सुविधा से पहुंच सके । सूर्य के प्रकाश को इतना महत्त्व देने का कारण यह है कि यज्ञ के समय उत्पन्न हुए पदार्थों में सूर्य के प्रकाश की विद्यमानता में कई प्रकार के रासायनिक परिवर्तन होते रहते हैं । कुछ ऐल्डिहाइड और एल्कोहॉल ऑक्सीकृत हो जाते हैं । हाइड्रोकार्बन तथा फीनोल का बहुलीकरण हो जाना संभव है । परावैंगनी (ultra-violet) प्रकाश में कुछ कार्बन डाइऑक्साइड पानी के साथ मिलकर फार्मेल्डीहाइड भी बना लेती है (समीकरण १८)।

फार्मेल्डीहाइड अन्य कई परिवर्तनों के द्वारा भी बनता रहता है । उदाहरणार्थ- एसीटिक अम्ल, ग्लिसरॉल, ऐसीटोन आदि भी हवन से उत्पन्न होते हैं । **धर और आत्माराम** वायु और सूर्य के प्रकाश की विद्यमानता मे इनका फार्मेल्डीहाइड में बदल जाना सम्भव मानते हैं (समीकरण ११, २०) । पाइरूविक अम्ल ऑक्सैलिक अम्ल, ग्लूकोस, फॉर्मिक अम्ल, प्रोपिऑनिक अम्ल, खाँड, स्टार्च, स्टिऐरिक अम्ल भी सूर्य के प्रकाश में थोड़ी मात्रा में फार्मेल्डीहाइड बनाते हैं । सम्भवतः ये पदार्थ सर्वप्रथम ऑक्सीकरण के कारण फार्मेल्डीहाइड में बदल जाते हैं ।

सूर्य के प्रकाश का सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य प्रकाश-संश्लेषण है । हरे पौधों में क्लोरोफिल होता है । पौधे धूप की विद्यमानता में क्लोरोफिल की सहायता से कार्बन डाईऑक्साइड को कार्बोहाइड्रेट मे बदल देते हैं । इस क्रिया को प्रकाश-संश्लेषण कहते हैं ।

क्लोरोफिल के बिना यह परिवर्तन नहीं हो सकता । भारतीय

शास्त्रकारों ने भी यज्ञवेदी के चहुँ ओर हरी लताएँ तथा पौधे लगाने का विधान किया है। इससे जहाँ स्थान की शोभा और रमणीयता बढ़ती है, वहीं प्रकाश-संश्लेषण भी होता रहता है।

प्रकाश-संश्लेषण केवल धूप में ही सम्भव है। यही कारण है कि दिन की अपेक्षा रात्रि में वायु में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा १२ प्रतिशत बढ़ जाती है। यदि कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा वायु में ०.६ प्रतिशत हो तो पता नहीं चलता। १.४ प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड से सिरपीड़ा आदि होती है। वैसे सिरपीड़ा एवं मूर्च्छा आदि का कारण कार्बन डाइआक्सॅाइड नहीं, अपितु ऑक्सीजन का अभाव होना है। यदि ७.५ प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड हो तो वायु विषाक्त बन जाती है, अतः यज्ञ के लिए सूर्योदय के पश्चात् तथा सूर्यास्त से पूर्व का समय निश्चित करना वैज्ञानिक महत्त्व रखता है।

प्रकाश-संश्लेषण के लिए पानी की विद्यमानता भी आवश्यक है। यज्ञ के समय पानी कई रासायनिक परिवर्तनों से बनता रहता है। हव्य पदार्थों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी होता है। यही जल भाप बनकर उड़ जाता है तथा वायु में रहता है। इस प्रकार अग्निहोत्र प्रकाश-संश्लेषण की सारी शर्तें पूरा करता है।

यज्ञ के द्वारा उत्पन्न हुई कार्बन डाइआक्सॅाइड हानि नहीं पहुँचाती, अपितु पौधों के लिए भोजन देती है। पौधे कार्बन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन के बिना जीवित नहीं रह सकते। वनस्पति जगत् प्रतिवर्ष ६०×१०[१२] किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड को निज भोजन में परिवर्तित कर रहा है। भूमि पर पड़ने वाली सूर्य की शक्ति का १×१०[-४] भाग केवल इसी क्रिया में व्यय हो रहा है, अतः कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में किञ्चित् वृद्धि से अधिक प्रकाश-संश्लेषण होगा जिसका फसल पर सुखद प्रभाव पड़ेगा। मैक्समोव इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि "खाद की गर्म तह से आच्छादित पौधों की तेज वृद्धि केवल इस प्रकार उत्पन्न अधिक तापांश के कारण ही नहीं अपितु कार्बन डाइआक्सॅाइड की अधिक मात्रा के कारण भी होती है।"[२२] इसका प्रमाण एक वैज्ञानिक ने सन् १९०४ में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ाकर अधिक फसल उत्पन्न करके दिया है।

ऐसा समझा जाता है कि चूने की भट्ठियों में काम करने वालों को कार्बन डाइऑक्साइड की विद्यमानता के कारण फेफड़ों का क्षयरोग नहीं होता। इसी आधार पर एक फ्रेंच डॉक्टर ने क्षयरोग की एक चिकित्सा निकाली थी। विधि इस प्रकार है कि कार्बन डाइऑक्साइड से युक्त वायु में कैल्सियम धूल पर शुष्क गर्मी का प्रयोग किया जाए। फिर इस वायु में रोगी लम्बे-लम्बे खाँस लें। यह प्रयोग इस डॉक्टर के द्वारा कई रोगियों पर एक-दो दिन में बारह-बारह बार किया गया। ऐसा करने से क्षय के चिह्न दूर होने शुरू हो गए तथा रोगियों का भार भी बढ़ने लगा।[२३]

सूर्य का प्रकाश मनुष्य के लिए वैसे भी लाभदायक है। इससे शरीर में विटामिन डी बनता है, जिससे हड्डियां पुष्ट होती हैं। उदय और अस्त होने वाले सूर्य की किरणें तो और भी अधिक गुणकारी होती हैं। अथर्ववेद (२।३२।१) में कहा गया है-

उद्यन्नादित्यः क्रिमीहन्तु निम्रोचन्हन्तु रश्मिभिः।
ये अन्तः क्रिमयो गवि ।।

"उदय होता हुआ और अस्त होने वाला सूर्य अपनी किरणों से भूमि और शरीर में रहने वाले रोगजनक कीटों का नाश करता है।"

सूर्य का प्रकाश कृमिनाशक है। रावर्ट कौच ने सन् १८९० में अनेक प्रयोगों द्वारा यह सिद्ध किया कि क्षयरोग (फेफड़ों के क्षयरोग को छोड़कर) के कीटाणु इस प्रकाश में दस मिनट से अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकते। इसीलिए क्षयरोग से ग्रस्त व्यक्ति को धूप सेकनी चाहिए। सम्भवतः जनसाधारण में इसको यह कहकर मान्यता प्रदान की जाती है कि अँधेरे में क्षयरोग फूलता-फलता है तथा प्रकाश में यह दुम दबाकर भाग जाता है। अतः यज्ञ के लिए सूर्योदय के पश्चात् तथा सूर्यास्त से पूर्व का समय ही ठीक है।

द्रष्टव्यः

१. ऋषि दयानन्द सरस्वती, सत्यार्थप्रकाश, तृतीय समुल्लास, तुलनाः ऋषि दयानन्द सरस्वती के पूना प्रवचन (व्याख्यान सात)

२. स्वामी दयानन्द सरस्वती, मौलवी मुहम्मद कासम और पादरी स्काट आदि के मध्य चाँदपुर मेले में २० मार्च, १८७७ को हुई चर्चा "सत्यधर्म विचार" शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका

३. "In all chemical and physical changes, the total mass of the system remains constant." or "Mattter can neither be created nor destroyed by any physical or chemical means though it may change its form."

४. ऋषि दयानन्द सरस्वती, यजुर्वेदभाष्य (१/८)

५. "At certain temperature and pressure, the rates of diffusion of gases are inversely proportional to the square roots of their densities."

६. ऋषि दयानन्द सरस्वती, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका, वेदविषयविचार

७. Hawley and Palmer, U.S. Department Agr. Bull., 129 (1914)

८. G. Bugge, 'Industrie der Helzdistillations Produkta.' Theeder Steinkoff, Dresden & Leipzig (1927)

९. Klason quoted in Henser, Cellulose Chemistry

१०. Satya Prakash, Agnihotra, The Sarvadeshik Arya Pratinidhi Sabha, Delhi (1937), pp. 130-31.

११. डॉक्टर फुन्दनलाल 'अग्निहोत्री', हवन-यज्ञ द्वारा क्षयरोग की चिकित्सा (१९४६)

१२. I.L. Finar, Organic Chemistry, Longman, London (1973)

१३. T.S. Wheeler and E.W. Blair, J. Soc. Chem. Ind., 42, 421. (1923)

१४. Bone and Andrew, J. Chem. Soc., 87, 1232 (1905)

१५. G. Eglff and R.E. Schaad, Chem. Revs., 9, 91-141 (1929)

१६. Louise Kelley, Organic Chemistry, McGraw Hill, New York, (1957)

१७. R.N. Chopra, I.C. Chopra, K.L. Handa and L.D. Kapur, Indigenous Drugs of India, Dhur & Sons, Calcutta (1958), (क) p. 275, (ख) p. 126 (ग) p. 172 (घ) p. 202, (ङ) pp. 243, 628.

१८. J.F. Dastur, Medicinal Plants of India and Pakistan, D.B. Taraporewala & Co. Ltd., Bombay (1977)

१९. ऋषि दयानन्द सरस्वती, पूना-प्रवचन, व्याख्यान सात

२०. ऋषि दयानन्द सरस्वती, संस्कारविधि, सामान्यप्रकरण

२१. N.R. Dhar and Atma Ram, J. Ind. Chem. Soc., 10, 161, 287 (1938)

२२. N.A. Maximov, Plant Physiology, McGraw Hill, New York (1938)

२३. देवयज्ञ प्रदीपिका में "हिन्दू मैसेज" के "मैडिकल सम्पलीमैण्ट" से उद्धृत

अध्याय ६ तथा ७ में सांकेतित रासायनिक परिवर्तन नीचे दिए जाते हैं-

$(C_6H_{10}O_5)_n$ cellulose + $6nO_2$ ------> $6nCO_2 + 5nH_2O$ (1)

$(C_6H_{10}O_5)_n$ + $3nO_2$ ------> $6nCO + 5nH_2O$ (2)

$(C_6H_{10}O_5)_n$ ------> $6nC + 5nH_2O$ (3)

$2C_3COOH$ acetic acid ------> $CH_3COCH_3 + CO_2 + H_2O$ acetone (4)

$2CH_4$ methane ------> $C_2H_2 + 3H_2$ acetylene (5)

$HOCH_2CH(OH)CH_2OH$ glycerol $-2H_2O$ ------> $H_2C{=}CHCHO$ acrolein (6)

$\xrightarrow{O_2}$ ------> $2CO_2+HCHO+H_2O$ formaldehyde (7)

$HOCH_2CH(OH)CH_2OH$ $\xrightarrow{O_2}$ ------> $HOCH_2CH(OH)CHO$ glycerraldehyde

$\xrightarrow{O_2}$ ------> $HOCH_2CH(OH)COOH$ glyceric acid

------> $HOCH(COOH)_2$ tartronic acid

------> $O{=}C(COOH)_2$ mesoxalic acid (8)

$HOCH_2CH(OH)CHO$ glyceraldehyde $\xrightarrow{O_2}$ ------> $HOCH_2COCHO$ hydroxypyruvic aldehyde

$\xrightarrow{O_2}$ ------> $HOCH_2COCOOH$ hydroxypyruvic acid

$\xrightarrow{-CO_2}$ ------> $HOCH_2CHO$ glycol aldehyde

$\xrightarrow{O_2}$ ------> $HOCCHO$ glyoxal

$\xrightarrow{O_2}$ ------> $HOOCCOOH$ oxalic acid

$$CH_3OH \xrightarrow[300^\circ]{Ag} \underset{\text{Formaldehyde}}{H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H} + H_2$$

Methanol

(2) *By air-oxidation of methanol.* Methanol vapours and limited amount of air are passed over heated silver catalyst at 450°C.

$$2CH_3OH + O_2 \xrightarrow[450^\circ]{Ag} \underset{\text{Formaldehyde}}{2H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H} + 2H_2O$$

Methanol

(3) *By air-oxidation of methane in the presence of various metallic oxides.*

$$CH_4 + O_2 \xrightarrow[\Delta]{Cat.} \underset{\text{Formaldehyde}}{H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H} + H_2O$$

Since formaldehyde is a gas, the product is marketed as 40% aqueous solution under the name formalin.

Properties. (*Physical*). Formaldehyde is a colourless gas, bp –21°C. It has an irritating odour. It is extremely soluble in water.

(*Chemical*). Formaldehyde is different from other aldehydes. It contains no alkyl group in the molecule. Both hydrogen atoms may be regarded as being part of an aldehyde group. As a result, several reactions of formaldehyde are different from those of other aldehydes.

Formaldehyde has many uses, the most well-known of which is its presence in formalin, which is used for the preservation of biological specimens and embalming, which is a funeral custom of treating human **remains** to delay their decomposition."

Why formalin is used for preserving biological specimens?

"A solution of 35 to 40 per cent of water in **formaldehyde** or methanal is called **formalin**. **Formaldehyde's** formula is HCHO. ... As **formalin** is a strong disinfectant and tissue hardener, it's **used for preserving biological** and anatomical **specimens**. It's also **used** as an antiseptic in sterilising surgical instruments." Aug 22, 2004

What is the difference between formaldehyde and formalin?

"To prevent polymerization of **formaldehyde** solution, about 10 - 15% of methyl alcohol is added. It is the addition of methyl alcohol that causes the substance to be called **formalin** as opposed to **formaldehyde**. We have occasionally encountered some confusion about the **difference between formaldehyde** and **formalin**." Jan 11, 2016

What is the difference between formaldehyde and formalin?

"To prevent polymerization of **formaldehyde** solution, about 10 - 15% of methyl alcohol is added. It is the addition of methyl alcohol that causes the substance to be called **formalin** as opposed to **formaldehyde**. We have occasionally encountered some confusion about the **difference between formaldehyde** and **formalin**." Jan 11, 2016

$CH_3(CH_2)_7CH=CH(CH_2)_7COOH$
oleic acid

$\xrightarrow{O_2}$ $CH_3(CH_2)_7CHO + HOC(CH_2)_7COOH$ (10)

$CH_3(CH_2)_7CHO + O_2$
n-nonylic aldehyde

$\xrightarrow{O_2}$ $2CO_2 + H_2O$ (9)

$\xrightarrow{}$ $CH_3(CH_2)_7COOH$
nonanoic acid

$\xrightarrow{-CO_2}$ $CH_3(CH_2)_6CH_3$
octane (11)

$CHO(CH_2)_7COOH$

$\xrightarrow{-CO_2}$ $CHO(CH_2)_6CH_3$
n-octylic aldehyde

$\xrightarrow{+O_2}$ $HOOC(CH_2)_6CH_3$
octanoic acid

$\xrightarrow{-CO_2}$ $CH_3(CH_2)_5CH_3$
heptane (12)

$CH_3(CH_2)_2COOH + H_2O$
butyric acid steam

$\xrightarrow{}$ $CH_4 + HOCH_2CH_2COOH$ (13)
β-hydroxypropionic acid

$HOCH_2CH_2COOH$

$\xrightarrow{-H_2O}$ $CH_2=CHCOOH$
acrylic acid

$\xrightarrow{}$ $CH_2=CH_2 + CO_2$ (14)
ethylene

$CH_3(CH_2)_{14}COOH + 4H_2O$
palmitic acid steam

$\xrightarrow{}$ $C_2H_6 + 2HO(CH_2)_4OH +$
ethane

$C_4H_{10} + CH_3COOH$
butane acetic acid

$\xrightarrow{}$ $2CH_2=CHCH=CH_2$ (15)
1,3-butadiene

$CH_4 + O_2$
methane

$\xrightarrow{450\text{-}550^0}$ CH_3OH
methyl alcohol

$\xrightarrow{+O_2}$ $HCHO$ (16)
formaldehyde

$OCH(CHOH)_4CH_2OH$
glucose

$\xrightarrow{O_2}$ $COOH(CHOH)_4COOH$
glucosaccharic acid

$COOH(CHOH)_4CH_2OH$
gluconic acid

$\xrightarrow{}$ $HOCH(COOH)_2$ (17)
tartronic acid

$CO_2 + H_2O$

$\xrightarrow{uv}$ $HCHO + O_2$ (18)

$CH_3COOH + HOH$

$\xrightarrow{}$ $CH_3OH + HCOOH$ (19)

$2CH_3OH + O_2$

$\xrightarrow{}$ $2HCHO + H_2O$ (20)

आध्यात्म के बल पर स्थापित होगा समतामूलक समाज

विश्व में सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर रही अमीर और गरीब के बीच की दूरी मिटाने के लिए समतामूलक समाज की स्थापना जरूरी है। इसके लिए जात-पात और ऊंच-नीच जैसे शब्द समाज से मिटाने होंगे। समाज को खोखला कर रहे जातिवाद व धर्मवाद (सम्प्रदायवाद) समाज को लगातार कमजोर कर रहे हैं। भ्रष्ट हो चुकी राजनीति के इस दौर में समता मूलक समाज की स्थापना अध्यात्म के बल पर ही की जा सकती है। इसलिए हम लोगों ने महर्षि दयानंद के ऐतिहासिक प्रेरणादायक मंत्र से प्रेरित होकर न्यूनतम सांझा कार्यक्रम के आधार पर सर्वधर्म संसद के गठन की पहल की है। जगजाहिर है कि भारत विवधि धार्मिक संप्रदायों का देश है। इसमें भी दो राय नहीं कि हमारा समाज अपनी गहरी धार्मिकता के लिए विश्व विख्यात है। यह हमारी संस्कृति की विशेषता ही है कि दुनिया के सभी बड़े धर्म-संप्रदाय अपनी सुदृढ़ मौजूदगी के साथ बड़े पैमाने पर मिल-जुलकर यहां फल फूल रहे हैं। यहां पर एक सौ पच्चीस करोड़ से अधिक भारतीय विभिन्न रीति रिवाजों, त्योहारों, मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों के साथ एक अद्भुत गरिमा प्रस्तुत करते हुए प्रतीत होते हैं। हमारी इस सभ्यता पर हम सभी को गर्व है। हमारा संविधान और राजनीतिक व्यवस्था धर्म (सम्प्रदाय) निरपेक्षता की बात तो करते हैं पर भारतीय परिप्रेक्ष्य में यह धर्म और राजनीतिक सत्ता के बीच विभाजन न होकर सर्वधर्म समभाव है।

इस देश की हो चुकी गंदी राजनीति कहें या समाज का नैतिक पतन, इतनी शानदार विरासत के वावजूद हमारा समाज जातिवाद विषमता, नारी उत्पीड़न और बंधुआ मजदूरी एवं बाल मजदूरी जैसे अमानवीय शोषण की कुप्रथाओं से ग्रस्त है। यहां तक कभी पशुओं को पूजने वाला भारतीय समाज पशुओं की दुर्दशा के प्रति उदासीन होता जा रहा है। एक और हम विज्ञान और आधुनिकता की बात कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर काफी लोग पशुबलि तक के समर्थक हैं।

ऐसा भी नहीं कि सरकारें इसके प्रति उदासीन हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए समय-समय पर नये और कठोर कानून बनाए जाते हैं पर इसका कोई रचनात्मक प्रभाव समाज पर होता दिखाई नहीं दे रहा है। उलटे नागरिक समाज का सशक्तिकरण नहीं हो पाया है। उसके लिए हम सभी धार्मिक नेता अपनी जिम्मेदारी का अहसास करते हैं। इसके साथ ही हम धर्मनिरपेक्ष एवं सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक प्रगतिशील मानसिकता के विकास का संकल्प लेंगे। हम सामाजिक व धार्मिक कार्यकर्ता अपने-अपने अलग-अलग भगवान के नाम पर संकल्प लें कि हम साथ मिलकर जातिवाद, लिंग भेदभाव व कन्या भ्रूण हत्या, धार्मिक अंधविश्वास, साम्प्रदायिकता एवं धर्म के नाम पर हिंसा, पर्यावरण का प्रदूषण एवं पशु पक्षियों पर होने वाली हिंसा, समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, नशीली दवाएं, तम्बाकू एवं शराब, अन्याय और उत्पीड़न। सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए रचनात्मक और सांस्कृतिक समाधान की रूपरेखा तैयार कर इसे क्रियान्वयन के लिए सर्वधर्म संसद देश के सभ्य समाज और धार्मिक नेताओं का साझा प्रयास करेंगे।

सर्वधर्म संसद अपने रचनात्मक कार्यक्रमों से समाज में व्याप्त अन्याय, अशांति, हिंसा, उत्पीड़न, पर्यावरण के नुकसान के मूल में पड़े भय और लोगों की मानसिकता का उपचार करेगा। साथ ही सत्य प्रेम, करुणा और न्याय पर आधारित समता मूलक समाज का सृजन किया जाएगा। बराबरी, भाईचारा, न्याय, पर्यावरण सुरक्षा और सुधार से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना है। इसके लिए पूरे देश में जन जागरण अभियान चलाना होगा। गांवों से लेकर केंद्र तक, मीडिया अधिवेशनों, विचार गोष्ठी, रैलियों, नुकड़ नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सच्ची मानवता की अलख जगानी होगी।

सर्वधर्म संस्द का विश्वास है कि अंतरजातीय विवाहों से जातिवाद को समूल नष्ट किया जा सकता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सर्वधर्म संसद अधिक से अधिक नौजवानों को अंतरजातीय विवाह के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही अंतरजातीय विवाह सूत्रों में बंधे दंपतियों को सार्वजनिक रूप सम्मानित करेगा। जो युवा जात-पात के बंधन को तोड़कर इस तरह से विवाह करेंगे उनको आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। सर्वधर्म संसद योजना के तहत शहरों एवं गांवों में कन्या भ्रूण हत्या तथा दहेज प्रथा एवं दहेज हत्या जैसे जघन्य अपराध के प्रति सर्वसाधारण के बीच जागरूकता फैलाने के लिए मार्च निकाल कर प्रदर्शन करना होगा। सर्वधर्म संसद देश के सभी धर्मों और मतों का प्रतिनिधित्व करेगा। हम लोगों के प्रयास से धार्मिक नेताओं ने वादा किया कि वे लोग ऐसा प्रयास करेंगे कि धार्मिक सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने के लिए हम सभी धर्म संप्रदायों के प्रमुख त्योहारों दीपावली, गुरुपर्व, ईद)(सेमई वाली) को मिलजुल कर मनाए जाएंगे।

सर्वधर्म संसद का लक्ष्य जनता विशेषकर नौजवानों, बुद्धिवादी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पल्लवित करना है। इसके लिए दूरदर्शन रेडियो एवं इंटरनेट जैसे माध्यमों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाएगा। सर्वधर्म संसद का विश्वास है कि विकास की अवधारणा आवश्यकता पर आधारित हो न कि लोभ पर जो पर्यावरण का दोहन करती है तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। संसार के सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव जंतुओं, पशु-पक्षियों से लेकर वर्षावनों के विशाल 'इकोसिस्टम' की रक्षा करना पर उद्देश्य है। इसके लिए मांसाहार की जगह शाकाहार को बढ़ावा देना होगा।

सर्वधर्म संसद भारत सरकार पर जोर डालेगा कि बंधुआ मजदूरी को खत्म करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी रोजगार के मौलिक अधिकार की योजना बनाने तथा इसे ईमानदारी से लागू कराने की व्यवस्था की जाए। गरीब जनता को शराब की बुरी लत तथा दुष्प्रभावों से बचाने के लिए एक राष्ट्रीय शराब नीति बनाकर लागू करनी होगी। समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सर्वधर्म संस्द समान अवसर और नैतिक मूल्यों की शिक्षा के लिए भी प्रयासरत रहेगी।

सर्वधर्म संसद के सप्तक्रांति संकल्प पत्र में भगवान को साक्षी मानकर शपथ लेनी होगी कि हम लोग अपने दैनिक जीवन में एक घंटा ध्यान, अहिंसा, सत्य प्रेम, करुणा एवं न्याय के गुणों की साधना के लिए लगाएंगे। जातिवाद एवं नस्लवाद मामले में विश्वास नहीं करेंगे। जातिवाद को अनेक समस्याओं की जननी माना गया है। इसमें अंतरजातीय विवाहों को बढ़ावा देंगे एवं अपने नाम से जातिसूचन चिह्नों को हटाने का पुरजोर प्रयास करेंगे।

महिलाओं के प्रति अन्याय, कन्या भ्रूण हत्या एवं दहेज की कुरीतियों का भरपूर विरोध करेंगे। पितृसत्तात्मक सोच के बदले महिलाओं के सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सशक्तीकरण एवं समता मूलक विचारों को बढ़ावा देने के लिए सभी धर्मों की पावन परंपराओं का सम्मान करेंगे। समाज में एक दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान एवं सौहार्द का वातावरण निर्माण करेंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नशीले वस्तुओं के उत्पादन क्रय-विक्रय तथा उपयोग का विरोध

शेष २२ पेज पर

SUSTAINABLE DEVELOPMENT

Sustainable development is the organizing principle for meeting human development goals while at the same time sustaining the ability of natural systems to provide the natural resources and ecosystem services upon which the economy and society depend. The desired result is a state of society where living and conditions and resource use continue to meet human needs without undermining the integrity and stability of the natural systems.

While the modern concept of sustainable development is derived mostly from the 1987 Brundtland Report, it is also rooted in earlier ideas about sustainable forest management and twentieth century environmental concerns. As the concept developed, it has shifted to focus more on economic development, social development and environmental protection for future generations. It has been suggested that "the term "sustainability" should be viewed as humanity's target goal of human-ecosystem equilibrium (homeostasis), while "sustainable development" refers to the holistic approach and temporal processes that lead us to the end point of sustainability".[1]

The concept of sustainable development has been—and still is—subject to criticism. What, exactly, is to be sustained in sustainable development? It has been argued that there is no such thing as a sustainable use of a non-renewable resource, since any positive rate of exploitation will eventually lead to the exhaustion of earth's finite stock. This perspective renders the industrial revolution as a whole unsustainable. It has also been argued that the meaning of the concept has opportunistically been stretched from "conservation management" to "economic development", and that the Brundtland Report promoted nothing but a business as usual strategy for world development, with an ambiguous and insubstantial concept attached as a public relations slogan.

History

Main articles: Sustainability and History of sustainability

Sustainability can be defined as the practice of maintaining processes of productivity indefinitely—natural or human made—by replacing resources used with resources of equal or greater value without degrading or endangering natural biotic systems.[3] Sustainable development ties together concern for the carrying capacity of natural systems with the social, political, and economic challenges faced by humanity. Sustainability science is the study of the concepts of sustainable development and environmental science. There is an additional focus on the present generations' responsibility to regenerate, maintain and improve planetary resources for use by future generations.[4]:3-8

Sustainable development has its roots in ideas about sustainable forest management which were developed in Europe during the seventeenth and eighteenth centuries.[5][2]:6-16 **In response to a growing awareness of the depletion of timber resources in England, John Evelyn argued that "sowing and planting of trees had to be regarded as a national duty of every landowner, in order to stop the destructive over-exploitation of natural resources"** in his 1662 essay Sylva. In 1713 Hans Carl von Carlowitz, a senior mining administrator in the service of Elector Frederick Augustus I of Saxony published Sylvicultura oeconomica, a 400-page work on forestry. Building upon the ideas of Evelyn and French minister Jean-Baptiste Colbert, von Carlowitz developed the concept of managing forests for sustained yield.[5] His work influenced others, including Alexander von Humboldt and Georg Ludwig Hartig, eventually leading to the development of a science of forestry. This in turn influenced people like Gifford Pinchot, first head of the US Forest Service, whose approach to forest management was driven by the idea of wise use of resources, and Aldo Leopold whose land ethic was influential in the development of the environmental movement in the 1960s. [5][2]

Following the publication of Rachel Carson's Silent Spring in 1962, the developing environmental movement drew attention to the relationship between economic growth and development and environmental degradation. Kenneth E. Boulding in his influential 1966 essay The Economics of the Coming Spaceship Earth identified the need for the economic system to fit itself to the ecological system with its limited pools of resources.[2] One of the first uses of the term sustainable in the contemporary sense was by the Club of Rome in 1972 in its classic report on the Limits to Growth, written by a group of scientists led by Dennis and Donella Meadows of the Massachusetts Institute of Technology. Describing the desirable "state of global equilibrium", the authors wrote: "We are searching for a model output that represents a world system that is sustainable without sudden and uncontrolled collapse and capable of satisfying the basic material requirements of all of its people."[4]

In 1980 the International Union for the Conservation of Nature published a world conservation strategy that included one of the first references to sustainable development as a global priority[6] and introduced the term "sustainable development".[7]:4 Two years later, the United Nations World Charter for Nature raised five principles of conservation by which human conduct affecting nature is to be guided and judged.[8] In 1987 the United Nations World Commission on Environment and Development released the report Our Common Future, commonly called the Brundtland Report. The report included what is now one of the most widely recognised definitions of sustainable development.[9][10]

" Sustainable development is development that meets the

needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs. It contains within it two key concepts:

·The concept of 'needs', in particular, the essential needs of the world's poor, to which overriding priority should be given; and

· The idea of limitations imposed by the state of technology and social organization on the environment's ability to meet present and future needs. "

—?World Commission on Environment and Development, Our Common Future (1987)

Since the Brundtland Report, the concept of sustainable development has developed beyond the initial intergenerational framework to focus more on the goal of "socially inclusive and environmentally sustainable economic growth".[7]:5 In 1992, the UN Conference on Environment and Development published the Earth Charter, which outlines the building of a just, sustainable, and peaceful global society in the 21st century. The action plan Agenda 21 for sustainable development identified information, integration, and participation as key building blocks to help countries achieve development that recognises these interdependent pillars. It emphasises that in sustainable development everyone is a user and provider of information. It stresses the need to change from old sector-centered ways of doing business to new approaches that involve cross-sectoral co-ordination and the integration of environmental and social concerns into all development processes. Furthermore, Agenda 21 emphasises that broad public participation in decision making is a fundamental prerequisite for achieving sustainable development. [11]

Under the principles of the United Nations Charter the Millennium Declaration identified principles and treaties on sustainable development, including economic development, social development and environmental protection. Broadly defined, sustainable development is a systems approach to growth and development and to manage natural, produced, and social capital for the welfare of their own and future generations. The term sustainable development as used by the United Nations incorporates both issues associated with land development and broader issues of human development such as education, public health, and standard of living.[citation needed]

A 2013 study concluded that sustainability reporting should be reframed through the lens of four interconnected domains: ecology, economics, politics and culture. [12]

The Sustainable Development Goals (SDGs)

In September 2015, the United Nations General Assembly formally adopted the "universal, integrated and transformative" 2030 Agenda for Sustainable Development, a set of 17 Sustainable Development Goals (SDGs). The goals are to be implemented and achieved in every country from the year 2016 to 2030.

Domains

Scheme of sustainable development: at the confluence of three constituent parts. (2006)

Sustainable development, or sustainability, has been described in terms of three spheres, dimensions, domains or pillars, i.e. the environment, the economy and society. The three-sphere framework was initially proposed by the economist René Passet in 1979.[13] It has also been worded as "economic, environmental and social" or "ecology, economy and equity".[14] This has been expanded by some authors to include a fourth pillar of culture, institutions or governance, [14] or alternatively reconfigured as four domains of the social - ecology, economics, politics and culture[15], thus bringing economics back inside the social, and treating ecology as the intersection of the social and the natural.[16]

Environmental (or ecological)

Graph comparing the Ecological Footprint of different nations with their Human Development Index

Relationship between ecological footprint and Human Development Index (HDI)

